हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 | अंक: 06 | पृष्ठ: 8 | शुक्रवार 19 फरवरी से 25 फरवरी 2021

## दिल्ली पुलिस को जांच से जुड़ी जानकारी लीक करने से रोकने को हाईकोर्ट पहुंची दिशा रवि

**नई दिल्ली।** किसान आंदोलन से जुड़ी टूलकिट साझा करने के मामले में गिरफ्तार की गई पर्यावरण एक्टिविस्ट दिशा रवि ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर दिल्ली पुलिस को उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर से जुड़ी जांच की कोई भी सामग्री मीडिया में लीक करने से रोकने का अनुरोध किया है।दिशा रवि के वकील अभिनव सेखरी ने कहा कि वह याचिका को हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए जाने का इंतजार कर रहे हैं और इसके बाद ही इस पर कोई टिप्पणी करेंगे।याचिका में मीडिया को उनके और तीसरे पक्ष के बीच वॉट्सऐप



पर मौजूद किसी भी कथित निजी वातार्लाप की सामग्री या अन्य चीजें प्रकाशित करने से रोकने का भी अनुरोध किया गया है।पर्यावरण एक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग द्वारा शेयर किए गए किसानों के आंदोलन का समर्थन करने वाले टूलकिट गूगल दस्तावेज की जांच कर रही दिल्ली पुलिस ने बेंगलुरु की कार्यकर्ता दिशा रवि को गिरफ्तार किया है, जबकि मुम्बई की वकील निकिता जैकब और पुणे के इंजीनियर शांतनु मुलुक को अदालत ने अग्रिम जमानत दे दी है। गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस साइबर सेल की टीम ने तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के प्रदर्शन से जुड़ी टूलकिट सोशल मीडिया पर शेयर करने के आरोप में पर्यावरण एक्टिवस्ट दिशा रवि (22) को रविवार को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया था।

पुलिस के अनुसार, ह्यटूलकिट दस्तावेज से संबंधित आपराधिक साजिश से जुड़ी जांच के मामले में दिशा रवि को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया।

## दिल्ली मेट्रो के 4 स्टेशनों पर प्रवेश और निकास द्वार बंद

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा पिछले साल सितंबर में लागू किए गए तीन नए कृषि कानूनों के विरोध में गुरुवार 18 फरवरी को किसान संगठनों द्वारा किए गए चार घंटे के ह्यरेल रोकोह्न आह्वान के मद्देनजर आज दिल्ली मेट्रो के चार स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार बंद कर दिए गए हैं और सभी स्टेशनों पर सुरक्षा पहले से अधिक बढ़ा दी गई है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा, टिकरी बॉर्डर, पंडित श्री राम शर्मा, बहादुरगढ़ सिटी और ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेशनों पर प्रवेश / निकास द्वार बंद कर दिए गए हैं।

### हे प्रभु !

छोटे हैं तो क्या आसमान को छूने की चाहत रखता हूं हृदय मेरा साफ है इसीलिए तो हर दिल में निवास करता हूं।

– अज्ञात

### अनमोल विचार

अपने हृदय को पवित्र रखने के लिए ,सदैव दूसरों का उपकार करते रहें।

– अज्ञात

### नजरिया

बोलना तो जन्म के दो वर्षो बाद ही सीख जाते है लेकिन बोलना क्या है इसे सीखने में पूरा जीवन लग जाता है.

–संपादक

### संक्षिप्त खबरें

## बल्लभगढ़ में झेलम एक्सप्रेस रोकी, मोदीनगर में पटरी पर लेट गए किसान

**नई दिल्ली।** केन्द्र के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों का देशव्यापी ह्यरेल रोको आंदोलन देशभर में जारी है। इसके मद्देनजर दिल्ली-एनसीआर के सभी रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और भारी पुलिस बल तैनात है। वहीं, दिल्ली पुलिस ने भी राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से ट्रेन की पटरियों के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी है। पुलिस की तैनाती से एनसीआर शहरों के सभी रेलवे स्टेशन छावनी में तब्दील हो गए हैं।अंबाला और जींद में भी किसान पटरियों पर बैठ गए हैं। इसमें महिलाएं भी शामिल हैं। कुरुक्षेत्र में गीता जयंती एक्सप्रेस ट्रेन को भी रोका गया है।

ICON OPTICAL GALLERY

★ Buy 2 Prs of prescription Antireflection glasses of Rs 1600/- and get 2 frames free......

★ Buy 2 Prs of Blue Cut Antireflection prescription glasses of Rs 1899/- and get 2 frames free......

★ Buy 1 Frame or Sunglass & get 1 Frame or Sunglass free Rs 1000/- onwards......

★ Branded Frames, Sunglasses & Glasses available with discount.

★ We make any Single Vision, Bifocal and Progressive prescription Glasses in 1 or 2 hrs.

9819292152
murtaza12152@yahoo.com

Shop No. 52, R.N.A. Arcade, Lokhandwala Complex, Andheri (West), Mumbai - 400 053



# शिव जयंती के बहाने बीजेपी ने सीएम उद्धव ठाकरे पर बोला हमला, कहा- तख्त पर बैठा है औरंगजेब

**मुंबईः** महाराष्ट्र में जैसे-जैसे महानगर पालिकाओं के चुनावों का समय नजदीक आ रहा है, शिवसेना और बीजेपी के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। शाब्दिक हमलों पर नई धार रखी जा रही है। बीजेपी ने शिव जयंती के बहाने सीधे शिवसेना पार्टी प्रमुख और राज्य के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर अटैक किया है और उन्हें औरंगजेब बताया है। इससे पहले उद्धव ठाकरे ने भी बीजेपी पर निशाना साधते हुए तंज कसा था कि राम मंदिर के नाम पर पैसा जमा करने वाले फर्जी तत्वों से लोग सावधान रहें।

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को अपने ट्विटर हैंडल पर बीजेपी ने लिखा है कि प्रदेश के तख्त पर औरंगजेब बैठा है। मंत्रियों के कार्यक्रम आयोजित करने पर मनाही नहीं है, लेकिन शिव जयंती मनाने पर पाबंदी है। इससे पहले शिवसेना पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की बैठक में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी राम मंदिर के नाम पर पैसा जमा करने को लेकर बीजेपी पर तंज कसा था।उद्धव ठाकरे ने कहा था कि जब राम मंदिर के लिए आंदोलन हो रहा था, तो शिवसेना रास्ते पर उतरकर काम कर रही थी और अब कुछ लोग राम मंदिर के नाम पर पैसा जमा करने के लिए सड़कों पर हैं। उन्होंने राम मंदिर के नाम पर पैसा जमा करने वाले ह्यफर्जी तत्वोंह्न से जनता को सावधान करने की अपील भी अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से की थी।



# बिजली कनेक्शन काटने के खिलाफ बीजेपी का ऐलान

## 24 से होगा जेल भरो आंदोलन

**मुंबईः** घरेलू बिजली ग्राहकों के बिजली कनेक्शन काटने के विरोध और लॉकडाउन के समय बढ़े हुए बिजली बिलों को कम करने की मांग को लेकर बीजेपी 24 फरवरी को प्रदेश भर में जेल भरो आंदोलन करेगी।

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में घरेलू बिजली ग्राहकों के बिजली कनेक्शन काटने के विरोध और लॉकडाउन के समय बढ़े हुए बिजली बिलों को कम करने की मांग को लकेर बीजेपी 24 फरवरी को प्रदेश भर में जेल भरो आंदोलन करेगी। प्रदेश बीजेपी महासचिव एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने यह जानकारी दी। वे बुधवार को बीजेपी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।बावनकुले ने कहा कि पिछले साल विधानमंडल के बजट अधिवेशन में महा विकास आघाडी सरकार के ऊर्जा मंत्री ने 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली



देने की बात कही थी। अब तक इस घोषणा पर अमल नहीं हुआ है। अगर 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाती है, तो इसका लाभ राज्य के एक करोड़ 40 लाख गरीब बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगा। इसके लिए सरकार को 5 हजार 800 करोड़ रुपये का प्रावधान करना होगा। पूर्व ऊर्जा मंत्री ने कहा कि विद्युत शुल्क के माध्यम से राज्य सरकार को हर साल 9 हजार 500 करोड़ रुपये का राजस्व मिलता है। यही पैसा बिजली बिलों को माफ करने के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए और शेष राशि के लिए बजट में प्रावधान करना चाहिए।बावनकुले ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान लोगों के दुकान और फैक्ट्रियां बंद थी। लेकिन इसके बावजूद बिजली के अनाप-शनाप बिल भेजे गए हैं। इन बिलों की वसूली स्थगित की जानी चाहिए और ब्लॉक को संशोधित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 100 से 300 यूनिट तक बिजली का इस्तेमाल करने वाले 51 लाख बिजली उपभोक्ताओं के बिजली बिल माफ करने के लिए राज्य सरकार की ओर से महावितरण को 5000 करोड़ रुपये दिए जाने चाहिए।

# कोरोना ने बढ़ाई BMC की चिंता, सड़क पर उतरीं मुंबई की मेयर




**मुंबई :** मुंबई में कोरोना के बढ़ते मामलों ने महाराष्ट्र सरकार और बीएमसी की चिंता बढ़ा दी है। लगातार कोरोना मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। ऐसे में महाराष्ट्र सरकार और बीएमसी लगातार लोगों से यह अपील कर रही है कि वे मास्क पहने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। ताकि कोरोना को खत्म किया जा सके। हालांकि जनता पर सरकार और बीएमसी की अपील का कोई खास असर होता हुआ नजर नहीं आ रहा है। इसी के मद्देनजर अब मुंबई की मेयर किशोरी पेडणेकर ने खुद कमान संभाली है। वे अब मुंबई की सड़कों पर उतर कर जनता से मास्क पहनने की अपील करती हुई नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं उन्होंने आज रेलवे स्टेशन पर भी जाकर लोगों से मास्क पहनने का अनुरोध किया। लोकल ट्रेन में भी यात्रा के दौरान उन्होंने जनता से अपील की कि वे मास्क पहने वरना मुंबई शहर में एक बार फिर से लॉकडाउन लगाया जा सकता है।

# बिना मास्क वाले यात्रियों पर रेलवे हुई सख्त, 15 लाख मुसाफिरों से वसूला 30 करोड़ जुमार्ना



मुंबई में बढ़ रहे कोरोना मामले को देखते हुए बीएमसी और रेलवे ने मिलकर बिना मास्क वाले यात्रियों पर कठोर कार्रवाई करने का फैसला लिया है। मुंबई में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए बीएमसी ने सेंट्रल रेलवके साथ मिलकर बिना मास्क वाले यात्रियों पर कारवाई करना शुरू किया है। मध्य रेलवे ने बिना मास्क वाले तकरीबन 2060 यात्रियों पर जुमार्ना लगाया है। रेलवे को जुमार्ने से एक लाख 21 हजार 600 रुपये मिले हैं। वहीं पश्चिम रेलवे ने बिना मास्क वाले 2558 यात्रियों पर कार्यवाई की है। जिससे जुमार्ने के रूप में रेलवे को 3 लाख 28 हजार 500 रुपये मिले हैं। यह कारवाई 1 फरवरी से लेकर 14 फरवरी के बीच की गई है।

**15 लाख यात्रियों पर कारवाई**

लॉकडाउन के बाद जब से लोकल ट्रेन शुरू हुई है तब से बिना मास्क के यात्रियों पर रेल प्रशासन कारवाई कर रहा है। अब तक तकरीबन 15 लाख यात्रियों पर रेलवे कारवाई कर चुका है। इससे रेलवे को तकरीबन 30 करोड़ जुमार्ने के रूप में मिले हैं। बीएमसी ने रेलवे के साथ मिलकर ऐसे मुसाफिरों पर लगाम लगाने के लिए अब लोकल ट्रेन में मार्शल रखने का फैसला किया है। यह मार्शल लोकल ट्रेन में उन यात्रियों पर कारवाई करेंगे जो बिना मास्क पहने यात्रा करते हैं।

# नाबालिक लड़की हुई दुष्कर्म की शिकार, मामला दर्ज



**विरार :** शहर के पूर्व इलाके में एक 14 वर्षीय नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना घटी है। पीड़िता लड़की ने विरार पुलिस थाने में दुष्कर्म आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।मिली जानकारी के अनुसार 14 वर्षीय नाबालिक लड़की विरार पूर्व इलाके में रहती है। बताया गया है कि,25 वर्षीय शख्स ने पीड़िता लड़की को शादी का झांसा देकर उसे एक तालाब स्थित एक जंगल मे ले जाकर उसके साथ छेड़छाड़ व जबरन शारीरिक संबंध स्थापित किया। यह घटना 11 फरवरी को विरार पूर्व एक क्षेत्र में घटी है। फिलहाल, पीड़िता ने उक्त घटना की शिकायत विरार पुलिस थाने में की। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत व बयान के आधार पर 25 वर्षीय आरोपी शख्स के ऊपर कलम 376 पॉस्को एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर आगे की तहकीकात शुरू कर दी है।

# शिवसेना ने साधा केंद्र पर निशाना लिखा- मोदी का झूठ पकड़ा गया

## चीनी सेना के कब्जे में थी हिंदुस्तानी जमीन



**मुंबई:** शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना के जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। सामना ने लिखा है कि हिंदुस्थान की सीमा में घुसी चीन की सेना वापस लौट रही है और इस घटना का राजनीतिक उत्सव शुरू हो गया है। सालभर चीनी सेना ने हमारी जमीन पर लगभग 20 किलोमीटर तक की घुसपैठ की थी। उस संघर्ष के दौरान गलवान घाटी में हमारे 20 जवान शहीद हो गए थे। प्रधानमंत्री मोदी दो महीने पहले कह रहे थे कि चीन ने हमारी सीमा में घुसपैठ नहीं की है। वही प्रधानमंत्री अब कह रहे हैं कि चीन ने हमारी जमीन से कब्जा छोड़ दिया। मतलब चीन ने घुसपैठ की ये बात सच थी और प्रधानमंत्री देश से झूठ बोल रहे थे।

**जनता से झूठ बोले पीएम**

सामना ने लिखा है कि अब इस मामले का जो राजनीतिक विजयोत्सव शुरू है वह मजेदार है। बड़े शौर्य का प्रचार और प्रचार मुहिम चलाई जा रही है। प्रधानमंत्री के अनुसार जो सेना हमारी सीमा में कभी घुसी ही नहीं थी वह सेना कैसे वापस लौट रही है, पैंगांग से सटे चीनी निर्माण कार्य कैसे उद्धवस्त किए जा रहे हैं, इसकी तस्वीरें प्रकाशित की जा रही हैं। पैंगांग परिसर में चीनियों द्वारा ठोंके गए तंबू निकाले जाने की तस्वीरें फैलाई जा रही हैं।

**सवालों से डरी बीजेपी**

सामना ने लिखा है कि चीन लौट रहा है ये खुशी की बात है। यह हिंदुस्थानी रक्षा विभाग की सजगता की जीत है, ये बात स्वीकार है। लेकिन चीन घुसपैठ प्रकरण में देश के सत्ताधीश लगातार झूठ क्यों बोलते रहे, यह सवाल अनुत्तरित है। संसद में इस विषय पर विपक्ष को सवाल नहीं पूछने दिया गया। राहुल गांधी द्वारा चीन के संदर्भ में सवाल उपस्थित करने पर, 50 साल पहले उनके परनाना के कारण चीन ने हिंदुस्थान पर कैसे कब्जा किया इस बात को कुरेदने में ही अपने को धन्य मानते रहे। पचास साल पहले चीन ने जमीन हथिया ली तो आज की घुसपैठ माफ नहीं की जा सकती। ये बीते कल की बात हुई, आज की बात करो!

# गांजा सेवन करते एक गिरफ्तार



**विरार :** विरार पुलिस थानांतर्गत क्षेत्र में रात के समय सार्वजनिक जगह पर गांजा पी रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनपर एडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,घटना के दिन रात्रि में विरार पुलिस को सूचना मिली कि,साईदत्त झोपड़पट्टी के रेलवे मार्ग बाजू व सार्वजनिक स्थान पर एक युवक गांजा (अमली पदार्थ ) पी रहा है। सूचना के आधार पुलिस उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर आरोपी सुनील गुप्ता (21) को गांजा पीते गिरफ्तार कर लिया। उक्त मामले में पुलिस ने आरोपी सुनील पर मामला दर्ज कर आगे की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# रेलवे टिकटों का अवैध व्यापार करने वाला टिकट दलाल गिरफ्तार



**नालासोपारा :** पश्चिम रेलवे के उपनगरीय अंतर्गत नालासोपारा रेलवे स्टेशन आरपीएफ ने एक शातिर टिकट दलाल को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ ने इसके पास टिकट बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार,आरपीएफ के उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में 10 फरवरी को नालासोपारा आरपीएफ निरीक्षक के आदेशानुसार उप निरीक्षक गोपाल लाल मीणा, हेड कांस्टेबल सतीश मांजरेकर व हेड कांस्टेबल जगदीश पाटील ने सर्विलेंस के दौरान एक बारी व्यक्ति जयेश प्रकाश आंब्रे (33),धंधा रेलवे टिकटों का अवैध व्यापार दुकान नंबर दो रूत्वी इंटरप्राइजेज चक्रधर नगर सारस्वत हॉल नालासोपारा पश्चिम निवासी - अम्मी पार्क पांचाल नगर शिवसेना शाखा के पास नालासोपारा पश्चिम को 11 नग ई-रेल आरक्षित टिकट कीमत 18038.52/ को व्यक्तिगत आईडी, रुत्वी 2020,रुत्वी 2220 से छाप कर रुपए 100 से 150 प्रति व्यक्ति कमीशन लेकर बेचना स्वीकार किया,जिसके विरुद्ध नालासोपारा कार्यालय पर रेल अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। आरपीएफ सूत्रों ने बताया कि,आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।




## संपादकीय

# निजता की चिंता

सोशल मीडिया कंपनी वाट्सएप की नई नीति के मामले में सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप आश्वस्तकारी है। अदालत ने उचित ही कहा है कि देश के लोग अपनी निजता की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और उनके हितों की रक्षा करना अदालत का कर्तव्य है। साल 2014 में फेसबुक ने जब वाट्सएप को खरीदा था, तब यह कहा था कि वाट्सएप कंपनी अपने डाटा फेसबुक के साथ साझा नहीं करेगी, लेकिन वह अपने वादे पर कायम नहीं रह सकी। फिर इस जनवरी में वाट्सएप ने जो नई नीति बनाई है, उसमें यूजर्स से अतिरिक्त डाटा जुटाने की अपनी मंशा उसने साफ जाहिर की है। भारतीयों को आसान लक्ष्य समझने का उसका दुस्साहस इस तथ्य से भी पुष्ट होता है कि कंपनी ने यूरोप के लिए नीतियों का अलग मसौदा तैयार किया, जबकि भारत के लिए अलग। हालांकि, सरकार और यूजर्स की तीखी प्रतिक्रिया के बाद कंपनी ने नई नीति के क्रियान्वयन को मई तक के लिए स्थगित कर दिया था। पर इस पूरे मामले में पारदर्शिता और वैधानिक बाध्यता बहुत जरूरी है।

भारत में वाट्सएप इस्तेमाल करने वालों की संख्या दिसंबर महीने में ही 46 करोड़ के पास पहुंच गई थी। ऐसे में, कंपनी की व्यावसायिक आकांक्षाएं स्वाभाविक ही जोर मार रही हैं, लेकिन लोगों की निजता में घुसपैठ की उसे इजाजत नहीं दी जा सकती। फिर वाट्सएप पर उस सोशल मीडिया कंपनी, यानी फेसबुक का मालिकाना हक है, जिसके कई कदम बेहद विवादास्पद रहे हैं, बल्कि कई तो बेहद गंभीर किस्म के हैं। हम नहीं भूल सकते कि इस पर देश के सांप्रदायिक माहौल को बिगाड़ने वाली पोस्ट और सामग्रियों में भेदभाव करने के कई संगीन आरोप अभी हाल में लगे हैं। ऐसे में, डाटा की सुरक्षा और इनकी निगरानी कितनी अहम हो जाती है, यह बताने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। अनेक साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि गूगल के पास हमारा काफी सारा डाटा जा चुका है और वह इनका व्यावसायिक दोहन कर काफी धन कमा भी रहा है। फेसबुक भी उसी से प्रेरित होकर वाट्सएप की नई नीति लेकर आया है। यकीनन, कानून की कमी के कारण अब तक ऐसा हुआ है और ऐसा दुनिया भर में हुआ है। लेकिन विकसित देशों ने खतरों को भांपते हुए अपने यहां कानूनी चूलें कसी भी हैं। यूरोप के लिए वाट्सएप की नई नीति इसकी पुष्टि करती है। आने वाले दिनों में, जब डाटा की जंग और अधिक तेज होगी, तब यूजर्सके हितों की निगहबानी सरकार को ही करनी होगी। इसलिए जल्द से जल्द ऐसे कानूनी प्रावधान किए जाने चाहिए कि कोई सोशल मीडिया कंपनी यूजर्स के हितों से खिलवाड़ न कर सके।

# साकार होता स्वच्छ जल का सपना

*जम्मू-कश्मीर के पहाड़ों पर बने घर हों या फिर हिमाचल प्रदेश में तिब्बत सीमा से महज 10 किमी की दूरी पर दुनिया का सबसे ऊंचा (15,256 फीट) मतदान केंद्र टशीगंग। राज्य सरकारों के सहयोग से हमारी सरकार ने वहां भी घरों तक पाइपलाइन से पानी पहुंचाने का काम किया है। अब लोगों को मीलों का पैदल सफर तय नहीं करना पड़ता है। टशीगंग जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हर घर में जल पहुंचना सबसे चुनौतीपूर्ण था, लेकिन ग्रामीणों के सहयोग से हमारे विभाग ने इसे कर पाने में सफलता प्राप्त की है। गोवा और तेलंगाना ऐसे राज्य हैं, जिन्होंने जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत सौ प्रतिशत कवरेज हासिल कर ली है।*

सपनों को संजोना जितना आसान है, उतना ही कठिन है उन्हें साकार करना, लेकिन विगत छह वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिन सपनों को संजोया, उन्हें साकार होते भी हम सब देख रहे हैं-चाहे वह हर घर तक स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने शौचालयों का निर्माण करना हो या फिर उज्ज्वला योजना के तहत माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाना। समय रहते इन सभी योजनाओं को घर तक पहुंचाने का काम मोदी सरकार ने किया है। इसी सोच और संकल्प के साथ स्वतंत्रता के 72 वर्षों के बाद 15 अगस्त 2019 को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री जी ने 3.6 लाख करोड़ रु की जल जीवन मिशन (ग्रामीण) योजना की घोषणा की, जिसका संकल्प वर्ष 2024 तक देश के 19.04 करोड़ ग्रामीण आवासों को नल से स्वच्छ जल पहुंचाना है। हर गांव, हर घर तक स्वच्छ जल को पहुंचाना उतना ही कठिन था, जितना एक चींटी का पहाड़ चढ ा, लेकिन अगर दृढ़ता और संकल्प हो तो कोई भी कार्य कठिन नहीं है। एक फरवरी को संसद में पेश बजट 2021-22 में भी इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की सोच को साकार करने के लिए पर्याप्त धन का आवंटन किया गया है।मैंने बचपन के दिनों में राजस्थान में माताओं-बहनों को सिर पर मटकी उठाए कोसों दूर चलकर पानी लाते देखा है। तब सोचता था कि आखिर इस देश में वह दिन कब आएगा, जब देश के हर घर में नल की व्यवस्था होगी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि जिन परिस्थितियों को मैं देखता आया हूं, उन्हें दूर करने में मेरा भी योगदान होगा। प्रधानमंत्री ने 2019 में अपने दूसरे कार्यकाल में जलशक्ति मंत्रालय की नींव रखी और मुझे इस मंत्रालय का दायित्व सौंपा। कोविड-19 महामारी के बावजूद पिछले एक वर्ष में हमने देश के 3.34 करोड़ ग्रामीण परिवारों को पाइपलाइन के जरिये नल कनेक्शन प्रदान किए हैं, जबकि आजादी के बाद से अगस्त 2019 तक 3.23 करोड़ ग्रामीण परिवारों को ही पानी के कनेक्शन उपलब्ध कराए गए थे। 1 फरवरी 2021 तक देश के 6.56 करोड़ ग्रामीण आवासों तक नल से जल पहुंचाया जा चुका है। प्रतिदिन दो लाख से अधिक घर जल जीवन मिशन से जुड़ रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के पहाड़ों पर बने घर हों या फिर हिमाचल प्रदेश में तिब्बत सीमा से महज 10 किमी की दूरी पर दुनिया का सबसे ऊंचा (15,256 फीट) मतदान केंद्र टशीगंग। राज्य सरकारों के सहयोग से हमारी सरकार ने वहां भी घरों तक पाइपलाइन से पानी पहुंचाने का काम किया है। अब लोगों को मीलों का पैदल सफर तय नहीं करना पड़ता है। टशीगंग जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हर घर में जल पहुंचना सबसे चुनौतीपूर्ण था, लेकिन ग्रामीणों के सहयोग से हमारे विभाग ने इसे कर पाने में सफलता प्राप्त की है। गोवा और तेलंगाना ऐसे राज्य हैं, जिन्होंने जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत सौ प्रतिशत कवरेज हासिल कर ली है। आज देश के 52 जिलों, 660 ब्लॉकों, 39317 ग्राम पंचायतों और 73890 गांवों ने हर घर नल से जल के लक्ष्य को हासिल कर लिया गया है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हमने इन राज्यों में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का जो सपना देखा था, उसे समय से पहले ही साकार कर लिया गया है।बिहार, पुदुचेरी ने 2021, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, मेघालय, पंजाब, सिक्किम, उत्तर प्रदेश ने 2022, अरुणाचल, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा, छत्तीसगढ़ ने 2023 और असम, आंध्र प्रदेश, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल ने 2024 तक सभी ग्रामीण आवासों तक नल से जल पहुंचाने का संकल्प लिया है। इस तरह 2024 तक देश के सभी 19.04 करोड़ ग्रामीण आवास नल कनेक्शन से जुड़ जाएंगे। जल जीवन मिशन के अंतर्गत खराब गुणवत्ता वाले जल से प्रभावित बस्तियों में पीने योग्य पानी की आपू त सबसे पहली प्राथमिकता है, ताकि फ्लूरोसिस और आर्सेनिकोसिस के दुष्प्रभावों में कमी लाई जा सके। खास बात यह है कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए हर कनेक्शन की जिओ-टैगिंग की जा रही है। कनेक्शन को परिवार के मुखिया के आधार कार्ड से जोड़ा जा रहा है। जिला स्तर पर मिशन की प्रगति का संकेत देने वाला डैशबोर्ड तैयार किया गया है। यह मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति बहुल गांवों, आकांक्षी जिलों, सूखा प्रभावित और रेगिस्तानी क्षेत्रों और पानी की खराब गुणवत्ता वाली बस्तियों को प्राथमिकता दी जा रही है।



पिछले वर्ष के बजट में जलशक्ति मंत्रालय के लिए 30,478 करोड़ रु का आवंटन किया गया था, जिसमें से 21,500 करोड़ रु स्वच्छ पेयजल आपू त और स्वच्छता के लिए थे। जल जीवन मिशन के लिए 11,500 करोड़ रु का अलग से आवंटन किया गया था। इस बजट में पेयजल के लिए 50,000 करोड़ रु और स्वच्छता के लिए 10,000 करोड़ रु आवंटित किए गए हैं। इस तरह से शुद्ध पेयजल के लिए बजट आवंटन 450 प्रतिशत तक बढ़ा है।

जलशक्ति मंत्रालय के लिए कुल बजट में भी 180 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जो जल से जुड़े विषयों पर सरकार की गंभीरता को प्रदर्शित करता है। ग्रामीण परिवारों तक जल जीवन मिशन के आशाजनक परिणामों को देखने के बाद ही सरकार ने बजट 2021-22 में जल जीवन मिशन (शहरी) शुरू करने की घोषणा की है, जिससे 4,378 शहरी स्थानीय निकायों में 2.68 करोड़ शहरी परिवारों को पाइपलाइन से पीने योग्य पानी की आपू त की जाएगी। इस पर 5 साल की अवधि में 2.87 लाख करोड़ रु का कुल खर्च आएगा। वास्तव में आम बजट जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप और समग्र विकास को प्रोत्साहित करने वाला है। आत्मनिर्भर भारत को सशक्त करने वाले इस बजट का लक्ष्य आखिरी पंक्ति के आखिरी व्यक्ति की मूलभूत समस्याओं का समाधान तलाशना है।

## घर-संसार

### सफला एकादशी, इन 3 आसान मंत्रों के जाप से पूरी होगी हर मनोकामना



नए साल की पहली एकादशी 9 जनवरी को मनाई गई। पौष मास कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को सफला एकादशी भी कहा जाता है। इस दिन नियमपूर्वक व्रत रखने तथा श्री हरि की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। श्री हरि के साथ ही देवी लक्ष्मी भी प्रस्न होकर अपनी कृपा बरसाती हैं। शास्त्रों में उल्लेख है कि रंत्ऱ्ँ ए'ऱ्िँ का व्रत रखने तथा विधि विधान से आराधन करने से सभी कार्यों में सफलता मिलता है, लंबी आयु तथा अच्छे स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है और भौतिक सुख-सुविधाओं की प्राप्ति होती है।

एकादशी के दिन पवित्रता का बड़ा महत्व होता है। शरीर के साथ ही मन की भी शुद्धि होती है। सूर्योदय से पूर्व स्नान करें। पूरे घर की और खासतौर पर पूजा घर की सफाई करे। पूरे घर में गंगा जल का छिड़काव करें। इसके बाद श्री हरि तथा माता लक्ष्मी की तस्वीर की पूज करें। पूजा में केले के पत्ते विशेष रूप से शामिल करें। पूजा के बाद श्री हरि को पंचामृत, पुष्प और ऋतु फल अर्पित करें। दिनभर व्रत रखें। फलाहार का सेवन कर सकते हैं। इन दिन दान का विशेष महत्व है। संभव हो तो दीपदान जरूर करें। मान्यता है कि विवाह संबंधी बाधाओं को दूर करने के लिए एकादशी के दिन केसर, केला तथा हल्दी का दान करना चाहिए। वहीं गर्म कपड़े या कंबल दान कर सकते हैं। सफला एकादशी के दिन किया गया दान व्यर्थ नहीं जाता है। एकादशी का उपवास रखने तथा दान करने से धन, मान-सम्मान और संतान सुख की प्राप्ति होती है। इस दिन चावल का सेवन बिल्कुल न करें। पूरी तरह से ब्रह्मचार्य का पालन करें। किसी से विवाद न करें। किसी को बुरे शब्द न कहें। मन में उत्तेजना न आने दें। घर और परिवार में शांति बनाए रखें। सूर्योदय से पूर्व जागें तथा शाम के समय न सोएं।

# सीएम योगी ने सभी दलों से मांगा सहयोग, विपक्ष बोला- सत्र छोटा कर मुद्दों से मुंह चुरा रही सरकार

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में 18 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू होने वाले विधान मंडल के बजट सत्र को व्यवस्थित संचालन हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी दलीय नेताओं से सहयोग मांगा है। बुधवार को आयोजित सर्वदलीय बैठक में विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने सत्र के दौरान कोविड-19 की जांच और बचाव उपाय के पालन पर जोर



दिया। सर्वदलीय बैठक के बाद कार्यमंत्रणा समिति की बैठक भी हुई, जिसमें विधानसभा सत्र संचालन कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाएगा विधान मंडल के बजट सत्र को व्यवस्थित तरीके से चलाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आादित्यनाथ की मौजूदगी में सर्वदलीय बैठक बुधवार को आहूत की गई। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी दलीय नेताओं से सहयोग मांगा। विपक्ष ने सहयोग का आश्वासन देते हुए अल्पकालिक सदन चलाने के मुद्दे पर सरकार को घेरा।

नेता विरोधी दल रामगोविन्द चौधरी, कांग्रेस दल नेता आराधना मिश्रा मोना और बसपा विधानमंडल दल नेता लालजी वर्मा ने बजट पर नियमानुसार विस्तृत चर्चा कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण की आड़ लेकर सरकार जनता के ज्वलंत मुद्दों से मुंह चुरा रही है।संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार विपक्ष के हर सवाल व जिज्ञासा का उत्तर देने को तैयार हैं। विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने कोविड जांच व बचाव उपाय के पालन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा के सभी कर्मियों की कोरोना जांच करा दी गई है। विधायकों की कोरोना जांच जारी है।

## लखनऊ में गिरफ्तार PFI सदस्यों पर अळर ने दर्ज किया देशद्रोह का मुकदमा, सात दिनों की मिली कस्टडी रिमांड

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पकड़े गए पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) के कमांडर केरल निवासी अन्सद बदरुद्दीन और फिरोज खान के विरुद्ध आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया है। इससे पहले दोनों के विरुद्ध थाना एसटीएफ, लखनऊ में भी एफआइआर दर्ज की गई है। बुधवार को एटीएस दोनों आरोपितों को लखनऊ स्थित एनआइए कोर्ट में पेश किया और एक सप्ताह की कस्टडी रिमांड की मांग की, जिस पर




कोर्ट ने दोनों की सात दिन की कस्टडी रिमांड मंजूर कर ली है।पुलिस कस्टडी रिमांड की अवधि 18 फरवरी की सुबह से शुरू होगी। उधर, मथुरा के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम अनिल कुमार पांडेय ने बुधवार शाम सीएफआइ के राष्ट्रीय महासचिव केए राऊफ को पांच दिन के पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेने के आदेश जारी कर दिए हैं। राऊफ को यूपी एसटीएफ ने केरल से गिरफ्तार किया था। एसटीएफ ने 10 दिन का रिमांड मांगा था। अब एसटीएफ 18 फरवरी सुबह 10 बजे आरोपित केए राऊफ को अपनी कस्टडी में ले लेगी और पूछताछ के बाद 23 फरवरी को सुबह 10 बजे जेल में दाखिल करेगी। अब इन सभी आरोपितों से आमने-सामने पूछताछ की जाएगी। बता दें कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के विरोध की आड़ में हिंसा की आग फैला चुके संगठन पीएफआइ ने उत्तर प्रदेश को दहलाने की साजिश रची थी। वसंत पंचमी के आसपास लखनऊ में होने वाले हिंदू संगठनों के कार्यक्रमों व महत्वपूर्ण स्थलों पर आतंकी हमलों को अंजाम देने के लिए पीएफआइ के दो आतंकी केरल से लखनऊ पहुंच भी गए थे,

## पूजा पंडाल की झांकी में कोविड-19 से बचाव के उपाय



**बक्सर :** बसंत पंचमी पर माँ सरस्वती की पूजा अर्चना मंगलवार को हर जगह धूमधाम से किया गया। मनमोहक पूजा पंडाल प्रखंड क्षेत्र में कई जगहों पर बनाये गये है। जहां पर मा सरस्वती की प्रतिमा का पूजन भक्ति गीत के बीच किया जा रहा है। वहीं सिकटौना गाँव मे वैश्विक बीमारी कोरोना -19 से बचाव के उपाय दिखाते हुए झांकी बनाई गई है। जिसमे मास्क लगाने तथा उचित समाजिक दूरी बना कर रहना दशार्या गया है।साथ ही कोरोना वायरस की जांच तथा टीकाकरण का चित्रण पुतला बनाकर किया गया है । इन पुतलों के चेहरे पर मास्क लगाकर समाजिक दूरी के अनुसार कुर्सी पर बैठाया गया है। यह पूजा पंडाल सत्संग सेवा समिति सिकटौना के तरफ बनाया गया है। समिति के डॉ लोकनाथ द्विवेदी ने बताया कि कोरोना का वैक्सीन एक देश से दूसरे देश मे आपूर्ति हवाई मार्ग से किया जा रहा है।

## आरक्षण पर सीएम नीतीश कुमार का बड़ा बयान, कहा- केंद्र में भी लागू हो बिहार का फॉमूर्ला



**पटना :** बिहार में आरक्षण पर राजनीति गरमाने लगी है। पक्ष-विपक्ष के बीच आरक्षण में संशोधन पर सियासी बयानबाजी जारी है। इस बीच आज नीतीश कुमार ने आरक्षण के बिहार फॉमूर्ला की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि हम तो चाहते हैं कि केंद्र में भी बिहार का आरक्षण फॉमूर्ला लागू हो। बिहार में पिछड़ा वर्ग के अंदर भी अतिपिछड़ा वर्ग) को भी चिह्नित कर आरक्षण दिया गया है। यहां यहां कपूरी ठाकुर की सरकार ने सबसे पहले यह व्यवस्था की थी, जो आज भी चला आ रहा है। उन्होंने आरक्षण के मामले में केंद्र में भी बिहार के फॉमूर्ले पर विचार करने की बात कही है। अगर केंद्र में भी आरक्षण के प्रविधान में बदलाव की बात हो तो बिहार की तरह लागू किया जा सकता है। अभी केंद्र में सिर्फ पिछड़ा वर्ग को ही रखा गया है, जबकि बिहार में अति पिछड़ों को भी आरक्षण दिया जा रहा है। केंद्र और बिहार में आरक्षण के जो प्रावधान पहले से लागू हैं, उनसे छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए। यदि किसी प्रकार का आकलन, सर्वे या बहस चल रहा है तो वो हो , मगर किसी को आरक्षण से वंचित नहीं किया जाना चाहिए । उन्होंने कहा है कि अब तो आर्थिक आधार पर भी जो एससी-एसटी नहीं भी हैं उन्हें भी आरक्षण दे दिया गया है, फिर आरक्षण खत्म करने या इसके प्रावधान में संशोधन का सवाल ही कहां उठता है।

कविता

# तुम कब तक गुलाम बने रहोगे?




गुरु का इतना ही अर्थ है, जो खुद पार हो गया, वही तुम्हें चेतायेगा। अगर दस लोग यात्रा पर गए हों, जंगल हो घना, खतरा हो, तो क्या करते हैं। यक हरते हैं कि पाली—पालजी से जागते हैं। नौ सा जो हैं, एक जागता है। क्योंकि खतरा आएगा तो जाग रहा है वही जगा सकेगा। तब उसकी नींद का वक्त आता है, तब वह दूसरे को जगा देता हैः अब तुम जागो, अब मैं सो जाता हूं। एक तो जागता हुआ चाहिए, नहीं तो खतरा आएगा; पता ही नहीं चलेगा, नींद में ही सब घट जाएगा।

गुरु का अर्थ हैः जो स्वयं जागा हुआ है, वह तुम्हारी नींद में उपयोगी होगा। तुम बार—बार सो जाओगे। नींद में बार—बार घड़ा सीधा हो जाएगा। बार—बार तुम भूलोगे। बार—बार तुम चुक जाओगे। ऐसा हुआ, एक सूफी फकीर हुआ। उसका असली नाम किसी को पता नहीं, लेकिन जिस नाम से जाना जाता है, वह है नस्साज—खैर नमाज—फकीर था। एक वृक्ष के नीचे ध्यान कर रहा था—स्वस्थ! एक आदमी गुलाम की तलाश में निकला था। गुलाम खरीदना था और एक मजबूत गुलाम चाहिए था। इस आदमी को झाड़ के नीचे इतना स्वस्थ बैठा देखकर—और फकीर, फटे कपड़े—उसे लगा कि यह कोई भागा हुआ गुलाम है। किसी का गुलाम है, भाग गया है, यहां जंगल में छिप रहा है। आदमी मजबूत दिखता है, काम का है। उस आदमी ने जाकर पूछा कि क्या तुम भागे हुए गुलाम तो नहीं? नस्साज ने आंखें खोली और कहा, तुम ठीक ही कहते हो। भागा हुआ हूं और गुलाम हूं। उसका मतलब था कि परमात्मा से भाग गया हूं, और वही तो मेरी गुलामी हो गई। वह आदमी प्रसिद्ध हुआ यही तो मुसीबत है, संसारी और फकीर की भाषा में कहीं मेल नहीं बैठता।

नस्साज ने कहा कि ठीक कहते हो, भागा हूं और गुलाम हूं। उस आदमी ने कहा, ठीक वक्त पर मिल गए, मैं भी एक गुलाम की तलाश में हूं।




## सरसों, चना, मेथी या बथुआ सभी का साग जबरदस्त फायदों से है भरा, जानें किसमें हैं कितने गुण

कई लोग हरी-साग सब्जियां तभी खाते हैं, जब वो किसी बीमारी से गुजर रहे होते हैं या फिर उन्हें वजन कम करना होता है लेकिन साग का सेवन हमेशा आपके लिए अच्छा होता है। आज हम आपको अलग-अलग तरह के साग खाने के फायदे बता रहे हैं- **सरसों का साग**

सरसों का साग खाने में तो बहुत स्वादिष्ट होता ही है इसके साथ ही सर्दियों में इसका सेवन करने से हमारी सेहत भी अच्छी रहती है। सरसों के साग में कैलोरी, फैट, काबोहाइड्रेट, फाइबर, शुगर, पोटेशियम, विटामिन ए, सी, डी, बी 12, मैग्नीशियम, आयरन और कैल्शियम की भरपूर मात्रा होती है।

यह एंटीऑक्सीडेंट्स की मौजूदगी के कारण न सिर्फ शरीर से विषैले पदार्थों को दूर करते हैं बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाते हैं।चने का साग चने का साग खाने में पौष्टिक और स्वादिष्ट होता है। चने के साग में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, आयरन व विटामिन पाये जाते हैं। यह कब्ज, डायबिटिज, पीलिया आदि रोगों में बहुत फायदेमंद होता है। चने का साग हमारे शरीर में प्रोटीन की आपूर्ति करता है।बथुए का साग बथुआ कई औषधीय गुणों से भरपूर होता है। इसमें बहुत से विटामिन, कैल्शियम, फॉस्फोरस और पोटैशियम पाए जाते है। बथुआ नियमित खाने से गुर्दे में पथरी होने का खतरा काफी कम हो जाता है। गैस, पेट में दर्द और कब्ज की समस्या भी दूर हो जाती है। चौलाई में काबोहाइड्रेट, प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन-ए, मिनिरल और आयरन प्रचुर मात्रा में पाए जाते है।

# जमाई राजा 2 में बोल्ड सीन करने पर निया शर्मा को नहीं हुई हिचकिचाहट

छोटे पर्दे की जानी-मानी एक्ट्रेस निया शर्मा अब वेब सीरीज का रुख भी कर चुकी हैं। यहां पर निया के बोल्ड अवतार ने सभी को चौंका दिया। अपनी बेबाकी के लिए पहचानी जाने वाली एक्ट्रेस निया शर्मा ने हाल ही में ओटीटी प्लैटफॉर्म पर दिए बोल्ड सीन्स को लेकर बात की है। निया ने टीवी शो ह्यजमाई राजाह्न के वेब स्पिन ऑफ ह्यजमाई राजा 2.0ह्न में अभिनेता रवि दुबे के साथ कई स्टीमी सीन्स दिए हैं। इसे लेकर बात करते हुए निया ने बताया कि उन्हें ऐसे सीन्स करने में अब हिचकिचाहट क्यों महसूस नहीं होती है? इसके साथ ही निया ने रवि के साथ काम करने का अनुभव भी साझा किया है। जमाई राजा 2.0 के एक्टर रवि दुबे की पत्नी सरगुन मेहता ने बताया था कि वो शुरूआत में इंटीमेट सीन करने को लेकर काफी असहज थे। वहीं अब निया ने बताया है कि उन्हें ऐसी कोई हिचकिचाहट नहीं थी। निया ने बॉलीवुड लाइफ से बातचीत के दौरान बताया कि ह्यमैं बाकी सबसे काफी पहले ही ओटीटी स्पेस पर आ गई थी, जब ये शुरू ही हो रहा था। मैं ट्विस्टेड से आई थी, ये सीरीज काफी पहले ही चल गई थी जब कोई एक्सपेरिमेंट के लिए तैयार ही नहीं था।

बोल्ड सीन्स को लेकर निया ने आगे कहा - ह्यमैंने वहां सब कर लिया है।



# इनमें से किस खिलाड़ी पर लग सकता है सबसे ज्यादा दांव

**नई दिल्लीः** कुछ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ा नाम कमा चुके हैं, कुछ इस दिशा में बढ़ रहे हैं। वही कुछ खिलाड़ी घरेलू स्तर पर अपने पांव जमाने पर लगे हैं। इनमें से किस पर फ्रैंचाइजी लुटा सकती हैं दांव . पंजाब किंग्स ने इस खिलाड़ी को रिलीज कर दिया है। बीते सीजन में मैक्सवेल का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा था लेकिन इस खिलाड़ी को हल्के में नहीं लिया जा सकता। 2013 में मुंबई इंडियंस ने उन्हें एक मिलियन डॉलर दिया। साल 2017 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) ने उन्हें 9 करोड़ (करीब 1.4 मिलियन डॉलर) की रकम दी। पिछले साल मैक्सवेल दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। उन्हें टीम ने 10.75 करोड़ यानी करीब 1.51 मिलियन की रकम दी। क्या इस बार भी उन पर होगी धनवर्षामोहम्मद अजहरुद्दीन ने 37 गेंद पर शतक बनाकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खूब वाहवाही बटोरी। उनके स्ट्रोकप्ले को काफी सराहा गया। केरल के इस खिलाड़ी पर भी सबकी नजरें होंगी।डेविड मलान टी20 क्रिकेट के धाकड़ बल्लेबाज हैं। 33 साल के इस खिलाड़ी का औसत भी शानदार रहा है। इस खिलाड़ी को टीम में शामिल करने के लिए टीमों में प्रतिस्पर्धा देखने को मिल सकती है। मलान इस समय दुनिया के नंबर टी20 इंटरनैशनल बल्लेबाज हैं।इस मिनी ऑक्शन में भारतीय ऑलराउंडर की काफी मांग हो सकती है। गौतम एक फिंगर स्पिनर होने के साथ-साथ तेजी से रन भी बना सकते हैं। भारत की धीमी पिचों पर गौतम काफी उपयोगी साबित हो सकते हैं। न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है।



## आईपीएल के 14वें सीजन में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलेंगे स्टीव स्मिथ, फ्रैंचाइजी ने 2 करोड़ 20 लाख में खरीदा

**नई दिल्लीः** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें एडिशन में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलेंगे। स्मिथ को गुरुवार को हुई खिलाड़ियों की नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने 2 करोड़ 20 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा।31 वर्षीय स्मिथ आईपीएल के 13वें एडिशन में राजस्थान रॉयल्स की ओर खेला था। स्मिथ ने पिछले साल राजस्थान की ओर से 14 मैचों में कुल 311 रन बनाए थे जिसमें 3 अर्धशतक शामिल है। स्मिथ ने मौजूदा नीलामी में अपना बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये रखा था। ऑस्ट्रेलियाई कप्तानों में जंग, देखें किस टीम की क्या है कमजोर और मजबत पक्षआईपीएल में 95 मैच खेल चुके हैं स्मिथ आईपीएल के 13 साल के इतिहास में स्मिथ ने अब तक 95 मैच खेले हैं जिसमें उनके नाम कुल 2333 रन दर्ज है। इस दौरान स्मिथ के बल्ले से 1 शतक और 11 अर्धशतक निकले हैं। स्मिथ का सर्वोच्च निजी स्कोर 101 रन रहा है। आईपीएल में स्मिथ का औसत 35.34 का रहा है जबकि उनका स्ट्राइक रेट 129.25 रहा है। आईपीएल स्मिथ के ओवरऑल टी20 करियर की बात करें तो उन्होंने 209 टी20 मैचों में कुल 4438 रन जुटाए हैं जिसमें 1 शतक और 21 अर्धशतक शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए स्मिथ ने 45 टी20 इंटरनैशनल मैचों में 794 रन बनाए हैं जिसमें 90 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है। इस दौरान उन्होंने 4 अर्धशतक लगाए हैं।

## ग्लेन मैक्सवेल पर जमकर हुई पैसों की बरसात

### IPL 2021 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की तरफ खेलते आएंगे

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन के लिए चेन्नई में जारी ऑक्शन में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल पर एकबार फिर से जमकर पैसों की बरसात हुई है। मैक्सवेल आईपीएल 2021 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम की तरफ से खेलते नजर आएंगे। आरसीबी की टीम ने मैक्सवेल को 14.25 करोड़ रूपए देकर अपने टीम में शामिल किया है। मैक्सवेल को पंजाब किंग्स की टीम ने रिलीज किया था। ग्लेन मैक्सवेल का प्रदर्शन यूएई में खेले गए आईपीएल 2020 में काफी निराशाजनक रहा था और वह पूरे सीजन में एक भी सिक्स नहीं लगा सके थे, यही वजह रही थी कि इस सीजन से पहले पंजाब किंग्स की टीम ने उनको रिलीज



कर दिया था। मैक्सवेल को पंजाब की टीम ने भी 10 करोड़ से ऊपर की रकम देकर खरीदा था। हालांकि, भारत के खिलाफ खेली गई लिमिटेड ओवर सीरीज में मैक्सवेल का प्रदर्शन बढ़िया रहा था और उन्होंने जमकर रन बनाए थे और भारत के गेंदबाजों की जमकर पिटाई की थी। ऑस्ट्रेलिया ने स्थगित किया रअ का दौरा, उरअ ने की कढउ से शिकायत ग्लेन मैक्सवेल ने आरसीबी की टीम की तरफ से खेलने की इच्छा जताई थी। उन्होंने आईपीएल 2021 को लेकर बात करते हुए कहा था, मैं विराट के साथ काफी अच्छा जा सकता हूं। मुझे काफी खुशी होगी विराट कोहली के अंडर खेलने में और मैं उनके साथ बल्लेबाजी को काफी एन्जॉय भी करूंगा।

## क्रिस मौरिस ने रचा इतिहास, बने आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 14वें सीजन के लिए खिलाड़ियों की बोली लगना शुरू हो चुकी है। क्रिस मौरिस आईपीएल ऑक्शन इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। 75 लाख रुपये की बेस प्राइस के साथ आए मौरिस 16.25 करोड़ रुपये में राजस्थान रॉयल्स टीम के साथ जुड़ गए हैं। स्टीव स्मिथ को दिल्ली कैपिटल्स ने 2.2 करोड़ रुपये में खरीदा, वहीं एक बार फिर ग्लेन मैक्सवेल पर धनवर्षा हुई है। मैक्सवेल को 14.25 करोड़ रुपये में आरसीबी ने खरीदा। मैक्सवेल के लिए आरसीबी और सीएसके में कड़ी टक्कर देखने को मिली, अंत में आरसीबी ने बाजी मार ली। करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है मैक्सवेल की बोली। सीएसके और आरसीबी में चल रही है जंग। 14.25 करोड़ रुपये में आरसीबी ने ग्लेन मैक्सवेल को खरीदा। इस तरह से सीएसके के हाथ नहीं आए मैक्सवेल ग्लेन मैक्सवेल के लिए केकेआर ने हाथ पीछे खींचा, आरसीबी के साथ सीएसके कूदा बिडिंग में। 5.5 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है बोली। ग्लेन मैक्सवेल का बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये है। ग्लेन मैक्सवेल के लिए आरसीबी और केकेआर के बीच जंग जारी है। इसके बाद 1 करोड़ रुपये के बेस प्राइस के साथ एविन लुइस, 1 करोड़ रुपये के बेस प्राइस के साथ आरोन फिंच अनसोल्ड रहे। हनुमा विहारी भी इतने ही रुपये के बेस प्राइस के साथ अनसोल्ड रहे।

**राजस्थान रॉयल्स ने 16.25 करोड़ रुपये में खरीदा**




# आजादी के बाद पहली बार किसी महिला को होगी फांसी, जानिये क्या है शबनम का अपराध



**मथुरा।** स्वतंत्र भारत में पहली बार किसी महिला अपराधी को फांसी की सजा होने जा रही है। उत्तर प्रदेश के मथुरा में स्थित इकलौते महिला फांसीघर में अमरोहा की शबनम को फांसी पर लटकाया जायेगा। अभी फांसी की तारिख तय नहीं है लेकिन माना जा रहा है कि मेरठ के पवन जल्लाद इसे फांसी पर चढ़ायेंगे। पवन दो बार फांसीघर का दौरा भी कर चुके हैं। जेल के रिकॉर्ड के अनुसार स्वतंत्रा के बाद इस फांसीघर में किसी को भी फांसी नहीं दी गई है। अब शबनम को फांसी दिये जाने के लिए मथुरा के फांसीघर की मरम्मत का काम किया जा रहा है। शबनम को उसके द्वारा किये जघन्य अपराध के लिए फांसी दी जा रही है। शबनम ने अप्रैल 2008 में अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने सात परिजनों की कुल्हाड़ी से काटकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। 14 अप्रैल, 2008 की रात को शबनम ने प्रेमी सलीम को घर बुलाया और परिवार को नींद की गोलियां खिलाकर सुला दिया। रात में शबनम व सलीम ने मिलकर नशे की हालत में सो रहे पिता शौकत, मां हाशमी, भाई अनीस, राशिद, भाभी अंजुम, फुफेरी बहन राबिया और दस माह के भतीजे अर्श का गला काट कर मौत की नींद सुला दिया था।

# किन्नरों ने की ट्रैफिक पुलिस की पिटाई


## ऑटो रिक्शा का चालान काटने पर हुआ बवाल



**मुंबईः** ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन एवं ट्रैफिक पुलिस के साथ मारपीट करने के आरोप में पंत नगर पुलिस ने चार किन्नरों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। घटना घाटकोपर के छेड़ा नगर जंक्शन की है। पुलिस के अनुसार, विक्रोली ट्रैफिक डिविजन में तैनात पुलिस सिपाही विनोद सोनावणे छेड़ा नगर जंक्शन पर डयूटी कर रहे थे।

ऐमजॉन पर सैमसंग गैलेक्सी ट02 की सेल, कीमत 6,999 से शुरू उन्होंने एक ऑटोरिक्शा में चार यात्रियों को बैठे हुए देखा, जिसके बाद उन्होंने एक यात्री को उतरने के लिए कहा। ऑटो से नहीं उतरने पर सोनावणे ने ट्रैफिक डिवाइस से ई चालान काटने के लिए उक्त ऑटो रिक्शा की फोटो लेनी चाही। इसको देख ऑटो रिक्शा में बैठे चारों किन्नर में से एक ऑटो से उतर कर पुलिसकर्मी में साथ अश्लील हरकत करने लगा।

# कोरोना की नई लहर का खौफ, ट्रेन में सफर कर मेयर ने किया जागरुक, मास्क न पहनने वालों के खूब कटे चालान



मुंबई में एक बार फिर से कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है। बुधवार को लोगों को जागरुक करने के लिए शहर की मेयर किशोरी पेडनेकर ने खुद लोकल ट्रेन में सफर किया और लोगों को समझाया कि मास्क पहनना जरूरी है। किशोरी पेडनेकर ने भायकला से छत्रपति शिवाजी टर्मिनल के बीच सफर किया और लोगों को समझाती हुई नजर आई। इस बीच लॉकडाउन की आशंकाओं को लेकर किशोरी पेडनेकर ने कहा, ह्यरेल सेवाओं की शुरूआत के बाद से कोरोना के मामलों में न सिर्फ मुंबई में इजाफा हुआ है बल्कि पूरे राज्य में ही आंकड़े बढ़े हैं।

लॉकडाउन नहीं लगाया जाएगा, लेकिन स्थिति चिंताजनक है।ह्व इस बीच में मुंबई में रेलवे और बीएमसी ने मास्क न पहनने वाले लोगों के खिलाफ एक्शन तेज कर दिया है।

TASNEEM COLLECTION
Online Shopping Hub
Only of Ladies Bags, Kurtis, Accessories
Kitchen & Household items
Baby products
Plastic items
And much more......all under one roof
Best business apportunity for housewives
to become reseller & earn at zero investment
RH 1, C 26 row house number, Swamy Ayyappam temple road, Sector. 8, New Mumbai, Vashi-400 703
Farida Rampurawala : 8898065152

# महिला की मौत देशमुख ने कहा कि पुलिस पर किसी की तरफ से कोई दबाव नहीं

**मुंबईः** महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने सोमवार को कहा कि पुणे में एक महिला के कथित आत्महत्या मामले की जांच में पुलिस पर कोई दबाव नहीं है। राज्य में विपक्षी पार्टी भाजपा का दावा है कि यह मामला राज्य के एक मंत्री से जुड़ा है। पुणे के हडसपर इलाके में एक इमारत से गिरने से 23 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई थी और कुछ सोशल मीडिया पोस्टों में दावा किया गया था कि उसके राज्य के एक मंत्री के साथ संबंध थे।

कोरोना वायरस संक्रमण से मुक्त होने के बाद पैदा हुई दिक्कतों की वजह से देशमुख अस्पताल में भर्ती हुए थे। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि कानून के अनुसार इस मामले की जांच की जाएगी। मंत्री ने कहा, ह्यह्य किसी की तरफ से कोई दबाव का तो सवाल ही पैदा नहीं होता है।

# महाराष्ट्र में भीषण सड़क हादसा, ट्रक पलटने से 15 मजदूरों की मौत

**मुंबईः** महाराष्ट्र के जलगांव में भीषण सड़क हादसे में 15 मजदूरों की जान चली गई। जानकारी के मुताबिक, बीती रात, यवल तालुक के किंगांव गांव के पास पपीते से लदा ट्रक पलटने से हादसा हो गया। सड़क दुर्घटना में 2 घायल भी हुए हैं जिन्हें नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना रात करीब एक बजे यवल रोड पर हुई। यहां पपीता ले जा रहे ट्रक ने मोड़ पर नियंत्रण खो दिया और ट्रक पलट गया। पपीते से भरे ट्रक में कई मजदूर भी सवार थे। बताया जा रहा है कि सड़क पर कई गड्ढे हैं जिस वजह से हादसा हुआ। पीएम नरेंद्र



मोदी ने सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने ट्वीट किया, महाराष्ट्र के जलगांव में दिल दहला देने वाला ट्रक हादसा हुआ है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। आशा करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएंगे।घटना की रिपोर्ट मिलने के बाद जलगांव और यवल की पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से पलटे ट्रक को सीधा किया गया। इसके बाद मजदूरों के शवों को निकाला गया। फिलहाल दोनों घायलों का नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है। ट्रक में 21 मजदूर सवार थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट, ऑफ आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास, गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित। संपादकः मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997
T.C. NO. MAHHIN10172 ईमेलः newsicon2021@gmail.com newsicon.net